वी.यू द्वारा तालाबंदी के दौरान पशुओं की संतुलित आहार–पोषण रणनीति पर पशुधन के स्वास्थ्य एवं उत्पादन हेतु ऑनलाइन पशुपालक संगोष्ठी का आयोजन

जबलपुर। 21 मई 2020। हमारे प्रेरणा स्त्रोत माननीय श्री लालजी टंडन, राज्यपाल एवं वेटरनरी वि.वि. के कुलाधिपति जी की अभिप्रेरणा एवं माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर की अध्यक्षता में दो दिवसीय पशुपालक संगोष्ठी का जूम एवं संचार माध्यम से वेबीनार का आयोजन पशुपालकों व किसानों के हितार्थ रखी गयी। स्वागत उद्‌बोधन डॉ. सुनील नायक, संयोजन व संचालक विस्तार शिक्षा ने पशुपालक संगोष्ठी में अध्यक्षता कर रहे माननीय कुलपति जी एवं आज के कार्यक्रम प्रमुख वक्ता डॉ. ए.के. त्यागी, सहा. निर्देशक, भा.कृ. अ.प., नई दिल्ली का अभिनंदन करते हुये, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् माननीय कुलपति जी, से कार्यक्रम को प्रारंभ करने की अनुमति लेते हुये, कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. ए.के.त्यागी जी को उद्‌बोधन हेतु आंमत्रित किया।



देश के प्रख्यात वैज्ञानिक व प्रमुख वक्ता डॉ. ए.के. त्यागी जी ने अपने उद्‌बोधन **''तालाबंदी के दौरान पशुओं की संतुलित आहार–पोषण रणनीति''** विषय पर कोविड–19 लागडाऊन अवधि में पशुओं के स्वास्थ्य एवं दुग्ध व अंडा उत्पादन को स्थिर या वृद्धि में संतुलित आहार–पोषण के लिये पशुपालकों व किसानों को विभिन्न सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार पूर्वक, ज्ञानवर्धक एवं पशुधन उपयोगी महत्वपूर्ण व आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया। साथ ही पशुपालक उद्यमीयों से विषय से संबंधित समस्याओं का त्वरित निदान करते हुये, उन्हें आस्वस्त किया। जिससे प्रदेश व देश के कृषक व पशुपालक अपनी सामाजिक–आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर होकर यशस्वी,



युगदृष्ट्रा एवं ऊर्जावान माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रधानमंत्री, भारत सरकार की परिकल्पना एकीकृत कृषि प्रणाली के माध्यम से उनका सशक्तीकरण हो, **''जिससे वे स्वयं तो आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार प्राप्त कर, राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता का कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन कर सकें।''**

पशुपालक संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु नाबार्ड, आई.सी.सी.आई. रिलांइस फाऊंडेशन तथा प्रदेश के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों का सहयोग सराहनीय रहा। फार्मर फर्स्ट परियोजना के डॉ. हरि आर, एवं श्री देवेश उपाध्याय आदि का तकनीकी सहयोग प्रशसनीय रहा। इस अवसर पर वि. वि. के समस्त संचालकों, अधिष्ठातागणों, प्राध्यापकों, पशुपालक उद्यमीयों, स्नात्तकोत्तर छात्र–छात्राओं की गरिमामय उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। पशुपालक संगोष्ठी के समापन पर आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार गौर, आयोजन सचिव व सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)